दिनांकः 29.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के '**मन की बात**' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम निर्णय–राज्य में अब 7 संभाग और 41 जिले होंगे।
- प्रदेश में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए अगले महीने से सड़क सुरक्षा अभियान की शुरूआत होगी।
- राज्य में मावठ से सर्दी का अहसास बढ़ा–अगले दो–तीन दिनों के लिए घने कोहरे का अलर्ट।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के '**मन की बात**' कार्यक्रम में देश–विदेश के श्रोताओं से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर एप पर भी उपलब्ध रहेगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सुना जा सकता है। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए भाजपा की ओर से विशेष इंतजाम किये गये हैं।

.......................

राज्य में अब सात संभाग और 41 जिले होंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कल मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई कैबिनेट बैठक में ये निर्णय लिया गया। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा नवगठित 17 जिलों में से नौ को निरस्त किया गया है। तीन संभाग पाली, सीकर और बांसवाडा का दर्जा भी समाप्त कर दिया गया है। वहीं आठ नए जिलों को बरकरार रखा गया है। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीमकाथाना, सांचौर, अनूपगढ़ और गंगापुरसिटी जिलों को निरस्त किया जाएगा। जयपुर ग्रामीण और जोधपुर ग्रमीण जिलों को भी नए जिलों की सूची से हटाया गया है। बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना–कुचामन, कोटपूतली–बहरोड़, खैरथल–तिजारा, फलौदी और सलूम्बर जिलों को यथावत रखा गया है। श्री पटेल ने कहा कि ये नए जिले राज्य पर अनावश्यक भार डाल रहे थे। इनकी समीक्षा के लिए बनाई गई समिति की सिफारिश पर इन्हें निरस्त करने का फैसला लिया गया है।

.......................

संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि अब प्रदेश में जिला परिषदों, पंचायत समिति और ग्राम पंचायतों का भी पुनर्गठन किया जाएगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बैठक के अन्य निर्णयों के बारे में बताते हुए कहा कि समान पात्रता परीक्षा–सीईटी स्कोर की वैधता अब तीन वर्ष होगी। पशुधन सहायक को पदोन्नति का तीसरा अवसर उपलब्ध करवाने और इसके पदनामों में बदलाव के लिए सेवा नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। श्री गोदारा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना में लाभार्थियों की संख्या बढाई जाएगी। जिलों को लेकर मंत्रिमंडल के इस फैसले के बाद लोगों की मिली जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

.......................

कोटा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पर पानी की आपूर्ति के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने करीब साढे 23 करोड़ रुपए मंजूर किये हैं। इस राशि का उपयोग सकतपुरा फिल्टर प्लांट से प्रस्तावित नए एयरपोर्ट तक पाइपलाइन निर्माण के लिए किया जाएगा। जलदाय विभाग की ओर से लगभग 21 किलोमीटर लम्बी पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे एयरपोर्ट पर रोजाना 15 लाख लीटर पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। इसके अलावा, सकतपुरा प्लांट पर पम्प हाउस निर्माण, पैनल रूम और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। नए एयरपोर्ट को हाइवे से जोड़ने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण की ओर से सड़क बनाने की प्रकिया भी शुरू कर दी गई है।

.......................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आज से कोटा दौरे का कार्यक्रम है। तीन दिन के इस प्रवास में वे कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्री बिरला आज पेंशनर्स समाज के वार्षिक अधिवेशन में भी भाग लेंगे।

.......................

प्रदेश में नए साल की शुरूआत सड़क सुरक्षा माह के साथ होगी। इस दौरान वाहनों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन आयुक्त शुचि त्यागी ने कल प्रदेश के परिवहन अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से हुई बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने इस बारे में दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा को जन–जन का अभियान बनाया जाएगा। श्रीमती त्यागी ने बताया कि कि अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर जागरुकता कार्यक्रम होंगे और सभी को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

.......................

प्रदेश में खुले बोरवेलों को ढकने का काम किया जा रहा है। बच्चे गिरने के हादसों की रोकथाम के लिए ये पहल की गई है। जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर कल अधिकारियों ने इसके लिए विशेष मुहिम चलाई। हमारे संवाददाता पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि इसके तहत करीब सवा तीन सौ खुले बोरवेलों को बंद किया गया।

.......................

प्रदेश में कोहरे और सर्द हवाओं का असर बना हुआ है। नागौर, जयपुर, जोधपुर, कोटा, हनुमानगढ और सवाईमाधोपुर में घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम है और यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं कई रेलगाड़ियां भी देरी से चल रही हैं। जोधपुर के ओसियां, बिलाडा, पिपाड, शेरगढ़ और मथानिया में सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बनी हुई है। भरतपुर में भी घना कोहरा छाया हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि धुंध के कारण वाहनों की गति काफी धीमी है।

.......................

भीलवाडा में भी बीती रात कोहरे के बाद गलन बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आज कोटा और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं अगले दो–तीन दिन तक राज्य के कुछ भागों में घने से अतिघना कोहरा छाए रहने के आसार हैं।

.......................

हनुमानगढ़ के पल्लू तहसील के हमीर देसर गांव के जवान हरिकृष्ण, लेह में ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। वे जाट रेजीमेंट में तैनात थे। उनके पैतृक गांव में सैन्य सम्मान के साथ कल उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर सेना के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

.......................

अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स की अनौपचारिक शुरूआत कल झंडे की रस्म के साथ हुई। भीलवाड़ा से आए गौरी परिवार के सदस्यों ने झंड़ा चढ़ाने की रस्म अदा की। इस दौरान ख्वाजा की शान में कव्वाली और कलाम पेश किए गए। उर्स कन्वीनर सैयद हसन हाशमी ने बताया कि चांद दिखाई देने पर उर्स की औपचारिक शुरूआत 1 या 2 जनवरी से होगी।

.......................

राजस्थान राज्य भारत स्काउट और गाइड की राज्य स्तरीय मूट 50 रेंजर मीट का आयोजन पुष्कर में किया जा रहा है। 26 दिसम्बर से मंडल प्रशिक्षण केन्द्र में शुरू हुई ये मीट 30 दिसम्बर तक चलेगी। संगठन आयुक्त सुयश लोढा ने बताया कि शिविर में विभिन्न गतिविधियां हो रही हैं। युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलवाई गई और कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

.......................